Paper Cutting of CSR Activities

आदित्यपुर अपडेट

विस्थापित युवाओं को आइडीटीआर में मिलेगा प्रशिक्षण

आदित्यपुर. आरकेएफएल कंपनी द्वारा ग्रामीण युवाओं को इंडो डेनिश टूल रूम (आइडीटीआर) में प्रशिक्षण दिलवायेगा. साथ ही बेहतर प्रशिक्षण पाने वाले युवाओं का नियोजन कंपनी के कोलाबिरा स्थित प्लांट 5 में किया जायेगा. यह आश्वासन कंपनी प्रबंधन ने दी है. यह जानकारी देते हुए आइडीटीआर के पंकज कुमार ने बताया कि कंपनी द्वारा 14 युवकों को दो वर्षीय टूल रूम मशिनिंग का प्रशिक्षण देने के लिए प्रायोजित किया गया है. कंपनी सामाजिक दायित्व के तहत आरकेएफएल कोलाबिरा प्लांट के जमीनदाताओं के बच्चों के लिए इस प्रकार की व्यवस्था की है. ताकि वे प्रशिक्षण प्राप्त कर स्वावलंबी बन सकें. आइडीटीआर डीजीएम आशुतोष कुमार ने बताया कि पूर्व में टूल रूम से प्रशिक्षण प्राप्त युवकों का नियोजन आरकेएफएल में हुआ था. उनके बेहतर तकनीकी प्रशिक्षण व काम से प्रभावित होकर कंपनी चेयरमैन श्री जालान ने प्रशिक्षण के लिए युवकों को भेजा है.